# VACATION ASSIGNMENTS 2025-2026
# HINDI

**STD:I**

**वर्णमाला का फ्लैश कार्ड बनाइए।**

**STD:II**

**अक्षरों और मात्राओं का अल्बम बनाइए।**

**STD:III**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

सुंदर वन नामक एक खूबसूरत जंगल था। वहाँ कई तरह के पशु-पक्षी रहते थे। धीरे-धीरे सुंदर वन के जंगल में पानी की कमी निरंतर होती जा रही थी। पेड़-पौधों की हरियाली खत्म हो रही थी और पशु-पक्षियों का मन भी वहाँ नहीं लग रहा था। सभी वन को छोड़कर दूसरे वन में जा रहे थे कि गिद्धों ने ऊपर उड़कर देखा तो उन्हें काले घने बादल जंगल की ओर आते नज़र आए। उन्होंने सभी को बताया कि जंगल की तरफ़ काले घने बादल आ रहे हैं, अब बारिश होगी। यह सुनकर सभी पशु-पक्षी वापस सुंदर वन आ गए। देखते ही देखते कुछ ही देर में खूब बरसात हुई। बरसात इतनी हुई कि वह दो-तीन दिन तक होती रही। जब बरसात रुकी, तब सभी पशु-पक्षी बाहर निकले। उन्होंने देखा कि उनके तालाब और झील में खूब सारा पानी भर गया है। सारे पेड़-पौधों पर नए-नए पत्ते निकल आए थे।

1.प्रस्तुत गद्यांश से नामवाले शब्द (संज्ञा) ढूँढ़कर लिखिए|

2.निम्नलिखित शब्दों के चित्र बनाइए और उसके अंग्रेज़ी शब्द लिखिए |

क) जंगल ख) जानवर ग) पक्षी घ) सुंदर ङ) बरसात च) पेड़ छ) हरियाली ज) बादल

3. कहानी के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए और चित्र भी बनाइए |

**STD:IV**

**निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए और उसके आधार पर एक कहानी लिखिए। चित्र भी बनाइए।**

1.Riya has a little puppy.
2.The puppy is very playful.
3.One day, it runs into the garden.
4.Riya looks for her puppy.
5.She feels sad.
6.The puppy plays with a butterfly.
7.It gets tired after playing.
8.The puppy comes back home.
9.Riya is very happy to see it.
10.She hugs her puppy with love.

**STD:V**

निम्नलिखित कहानी के लिए एक चित्र कथा (Comic strip) तैयार कीजिए। शीर्षक भी दीजिए।

यह कहानी एक खुशहाल परिवार की है, जिसमें मन्नू और मुन्नी नाम के दो बच्चे हैं। रविवार का दिन था। मौसम बहुत सुहावना था, इसलिए मन्नू के मन में घूमने जाने का विचार आया। उसने अपनी माँ से पूछा और माँ ने कहा कि यदि वह स्कूल का काम पूरा कर ले, तो वे सब घूमने ज़रूर जाएँगे।

मन्नू ने तुरंत अपना काम पूरा किया। अगले दिन सभी लोग गांधी पार्क जाने के लिए तैयार हो गए। वे कार से लंबा सफर तय करके पार्क पहुँचे। रास्ता बहुत सुंदर था—चारों तरफ़ पेड़, हरी घास और साफ़ आसमान।

पार्क में पहुँचकर बच्चों ने बहुत मज़े किए। वहाँ हरियाली, फूलों की क्यारियाँ, एक नहर, पुल और गांधी जी की मूर्ति थी। मुन्नी ने तितलियाँ पकड़ने की कोशिश की और मन्नू झूलों पर खेलने लगा। दोनों ने खूब आनंद लिया।

कुछ समय बाद माँ और बाबा ने बच्चों को वापस चलने के लिए कहा। बच्चों को पार्क बहुत पसंद आया। वे खुश होकर घर लौट आए और सोचने लगे कि यह दिन बहुत अच्छा रहा।

**STD:VI**

## निम्नलिखित कहानी पढ़ कर उसे एक संवाद(Conversation),कविता या चित्र कथा के रूप में प्रस्तुत कीजिए।

राहुल और अजय बहुत अच्छे दोस्त थे। वे दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे और हमेशा साथ-साथ रहते थे।

एक दिन कक्षा में अजय उदास बैठा था। राहुल ने पूछा, "तुम इतने परेशान क्यों हो?"
अजय ने कहा, "मेरा होमवर्क पूरा नहीं हुआ। मुझे सवाल समझ नहीं आए।"

राहुल मुस्कुराकर बोला, "चिंता मत करो, मैं तुम्हारी मदद कर दूँगा।"
स्कूल के बाद राहुल ने अजय को बैठाकर सारा काम समझाया। अजय बहुत खुश हुआ और बोला, "धन्यवाद राहुल!"
राहुल ने हँसते हुए कहा, "दोस्तों में धन्यवाद नहीं कहते।"

अगले दिन खेल के समय राहुल दौड़ते हुए गिर गया और उसके पैर में चोट लग गई। वह दर्द से चिल्लाने लगा। अजय तुरंत उसके पास दौड़ा और उसे सहारा देकर शिक्षक के पास ले गया।

शिक्षक ने अजय की तारीफ़ करते हुए कहा, "तुम बहुत अच्छे दोस्त हो।"
अजय ने विनम्रता से कहा, "सर, दोस्त की मदद करना मेरा कर्तव्य है।"

राहुल ने मुस्कुराकर कहा, "तुम सच में मेरे सच्चे दोस्त हो।"
दोनों ने तय किया कि वे हमेशा एक-दूसरे की मदद करेंगे।

**STD:VII**

## 1. निम्नलिखित कहानी पढ़ कर उसे एक चित्र कथा के रूप में प्रस्तुत कीजिए।

एक छोटे -से गाँव में आरव नाम का एक लड़का रहता था। वह बहुत मेहनती और ईमानदार था। उसके पिता एक साधारण किसान थे और घर की हालत बहुत अच्छी नहीं थी।

एक दिन आरव स्कूल से घर लौट रहा था। रास्ते में उसे एक बटुआ मिला। उसने बटुआ उठाकर देखा तो उसमें बहुत सारे पैसे और कुछ ज़रूरी कागज़ थे। आरव के मन में एक पल के लिए विचार आया कि वह पैसे अपने पास रख ले, क्योंकि उसके घर में पैसों की कमी थी। लेकिन अगले ही पल उसने सोचा, "यह किसी का खोया हुआ सामान है, इसे लौटाना मेरा कर्तव्य है।"

बटुए में एक पहचान पत्र था, जिस पर मालिक का पता लिखा हुआ था। आरव उस पते पर पहुँचा और दरवाज़ा खटखटाने पर एक बुज़ुर्ग व्यक्ति ने दरवाज़ा खोला।

आरव ने कहा, "क्या आपका बटुआ खो गया था? यह मुझे रास्ते में मिला।"
बुज़ुर्ग व्यक्ति ने आश्चर्य से बटुआ लिया और खुशी से बोले, "हाँ बेटा! मैं बहुत परेशान था। इसमें मेरे ज़रूरी कागज़ और पैसे थे।"

उन्होंने आरव को इनाम देना चाहा, लेकिन आरव ने विनम्रता से मना कर दिया और कहा, "मुझे इनाम नहीं चाहिए, मुझे खुशी है कि मैंने आपकी मदद की।"

बुज़ुर्ग व्यक्ति उसकी ईमानदारी से बहुत प्रभावित हुए। कुछ दिनों बाद उन्होंने आरव के स्कूल में जाकर उसकी प्रशंसा की और उसकी पढ़ाई के लिए मदद भी की।

आरव की ईमानदारी के कारण उसे सम्मान और सहायता दोनों मिले। वह आगे चलकर एक सफल और अच्छा इंसान बना।

## 2. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

1. I wake up early in the morning.
2. I go to school every day.
3. I completed my homework on time**.**
4. We should always speak the truth.
5. Honesty is the best policy.
6. We should help others in need.
7. Cleanliness keeps us healthy.
8. Hard work leads to success.

9. We must respect our parents and elders.

**STD:VIII**

**हिंदी में एक छोटी पत्रिका ( Magazine of 10 pages -Digital or Hand written) तैयार कीजिए जिसमें कहानी, कविता,चुटकुले,निबंध, यात्रा- विवरण आदि शामिल हों।**

विषय :मेरा भारत महान /प्रकृति